Bharat Temples

तेरी बँसी की धुन सुनने

तेरी बँसी की धुन सुनने,
मैं वृन्दावन को आई हूँ ll
मैं वृन्दावन को आई हूँ,
मैं बरसाने से आई हूँ ll
तेरी बँसी की धुन सुनने,
मैं वृन्दावन को आई हूँ ll

सुना है श्याम जी प्यारे,
"कि तुम माखन चुराते हो" ll
*तुम्हें माखन खिलाने को ll,
मैं मटकी साथ लाई हूँ,
तेरी बँसी की,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

सुना है श्याम जी प्यारे,
"कि तुम गईयाँ चराते हो" ll
*तेरी गईयाँ चराने को ll,
मैं लकुटी साथ लाई हूँ,
तेरी बँसी की,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

सुना है श्याम जी प्यारे,
"कि तुम नित रास रचाते हो" ll
*तेरे नित रास रचाने को ll,
मैं गोपी बन के आई हूँ ॥

तेरी बँसी की,,,,,,,,,,,,,,,,,,

सुना है श्याम जी प्यारे,
"कि तुम भजनों के रसिया हो" ll
*तुझे रसिया सुनाने को ll,
मैं पागल साथ लाई हूँ,
तेरी बँसी की,,,,,,,,,,,,,,,,,,

सुना है श्याम जी प्यारे,
"कि तुम कृपा खूब करते हो" ll
*तेरी किरपा मैं पाने को ll,
तेरे दरबार आई हूँ,
तेरी बँसी की,,,,,,,,,,,,,,,,,,
अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

Source: https://www.bharattemples.com/teri-bansi-ki-dhun-sunane/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw